# बरेली : भाजपा नेता समेत चार पर सामूहिक बलात्कार का मामला

बरेली 15 नवंबर (जनसत्ता)।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अनीस अंसारी और उसके चार साथियों के खिलाफ एक महिला ने सामूहिक बलात्कार की प्राथमिकी दर्ज कराई है।

नगर पुलिस अधीक्षक मानुष पारीक ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कराई गई है। जांच में मिले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मिली जानकारी के मुताबिक एजाज नगर गौटिया की रहने वाली एक विवाहित महिला ने थाना बारादरी में दी तहरीर में कहा है कि भाजपा के एक कार्यक्रम में उसकी मुलाकात पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अनीस अंसारी से हुई थी। भाजपा नेता अनीस अंसारी ने उसकी आर्थिक तंगहाली को देखकर उसकी मदद की थी।

नगर पुलिस अधीक्षक मानुष पारीक ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कराई गई है। जांच में मिले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

नजदीकियां बढ़ने पर भाजपा नेता ने उन्हें अल्पसंख्यक मोर्चा में एक पद भी दे दिया था। बाद मे निकाह का झांसा देकर कई माह तक उसने और उसके साथियों ने लखनऊ, हल्द्वानी, अलीगढ़ और दूसरे स्थानों पर ले जाकर बलात्कार किया। दूसरे शहरों के होटलों में रूकने पर आरोपी अनीस अंसारी उसे बुर्का पहनाकर ले जाता था। अपनी पत्नी की आइडी लगाकर होटल में ले जाकर बलात्कार करता था। निकाह का दबाव बनाने पर उसे जान से मारने की धमकियां दी गईं। इस संबंध में पीड़िता के मोबाइल में कई साक्ष्य भी मौजूद थे, जिनको आरोपियों ने जबरन मिटा दिया। पुलिस में शिकायत करने की बात कहने पर उसे और उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़िता ने लगातार धमकियां मिलने के कारण पुलिस से सुरक्षा की गुहार भी लगाई है।

# भाजपा संविधान कर रही कमजोर : अखिलेश

अलीगढ़, 15 नवंबर (भाषा)।


समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार की तीखी आलोचना करते हुए उसपर संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाया और अपनी पार्टी के लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहने का दावा किया। खैर विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी डा चारू कैन के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि मुठभेड़ करने वाली सरकार संविधान पर भरोसा नहीं करती।

उन्होंने कहा कि हमने लोगों को संविधान के बारे में शिक्षित करने का काम किया है और 'इंडिया' गठबंधन को व्यापक समर्थन मिला है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सत्तारूढ़ पार्टी इसमें दखल नहीं दे सकती। उन्होंने कहा कि हम, समाजवादी पार्टी, संविधान और अपने लोकतंत्र की रक्षा करना जारी रखेंगे। यादव ने राज्य के नेतृत्व पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि साधु-संत कम बोलते हैं, लेकिन कलयुग (वर्तमान युग) में वे अधिक बोल रहे हैं। यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर इशारा थी। यादव ने कहा कि जिनके बारे में हमने सोचा था कि वह सच बोलेंगे, वह झूठ के सौदागर बन गए हैं। उन्होंने दावा किया कि हमारे मुख्यमंत्री समाज में विस्फोटक (बारूद) बिछा रहे हैं, लेकिन उन्हें नहीं पता कि उनकी कुर्सी ही खतरे में है।

उन्होंने कहा कि हमने लोगों को संविधान के बारे में शिक्षित करने का काम किया है और 'इंडिया' गठबंधन को व्यापक समर्थन मिला है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सत्तारूढ़ पार्टी इसमें दखल नहीं दे सकती। उन्होंने कहा कि हम, समाजवादी पार्टी, संविधान और अपने लोकतंत्र की रक्षा करना जारी रखेंगे। यादव ने राज्य के नेतृत्व पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि साधु-संत कम बोलते हैं, लेकिन कलयुग (वर्तमान युग) में वे अधिक बोल रहे हैं। यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर इशारा थी। यादव ने कहा कि जिनके बारे में हमने सोचा था कि वह सच बोलेंगे।

उनकी कुर्सी के नीचे सुरंग खोदी जा रही है, और वह भी खतरे में है। उन्होंने भाजपा सरकार पर अपने 'व्यापारिक सहयोगियों' को लाभ पहुंचाने के लिए महंगाई बढ़ाने और युवाओं को स्थायी रोजगार देने में विफल रहने तथा इसके बजाय सार्वजनिक संसाधनों को बर्बाद करने का भी आरोप लगाया।

उन्होंने उत्तर प्रदेश को 'ट्रिलियन-डालर अर्थव्यवस्था' में बदलने के राज्य सरकार के दावे की आलोचना करते हुए कहा कि वह एक ट्रिलियन-डालर अर्थव्यवस्था का वादा करते हैं, लेकिन हमारे युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने का उनका कोई इरादा नहीं है। वह गरीबों को भ्रमित करने और ध्यान भटकाने के लिए ऐसे दावे करते हैं।



आस्था

गढ़मुक्तेश्वर में शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा नदी में स्नान करते हुए श्रद्धालु ।

# रिश्तेदारों की भर्ती के आरोपों में घिरी भाजपा

लखनऊ, 15 नवंबर (भाषा)।

उत्तर प्रदेश विधानसभा और विधान परिषद के रिक्त पदों में से पांचवां हिस्सा अधिक महत्वपूर्ण व्यक्तियों (वीआइपी) के रिश्तेदारों से भरे जाने की खबर के एक प्रमुख अंग्रेजी दैनिक में प्रकाशित होने के बाद विपक्षी दलों ने भाजपा पर 'परिवारवाद' का आरोप लगाया है। यह एक ऐसा आरोप है जिसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अक्सर विपक्ष पर लगाती रही है। 'द इंडियन एक्सप्रेस' समाचार पत्र द्वारा किए गए खुलासे के अनुसार, समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) के पदों के लिए 186 रिक्तियों में से 38 पदों पर चयनित उम्मीदवारों के अधिकारियों और राजनेताओं से संबंध थे।

अनुमानित तौर पर 2.5 लाख उम्मीदवारों ने इस पद के लिए आवेदन किया था जिसकी परीक्षा 2020-2021 में उप्र विधानसभा और उप्र विधान परिषद में प्रशासनिक पदों को भरने के लिए दो दौर में आयोजित की गई थी। अखबार की खबर में दावा किया गया है कि सफल अभ्यर्थियों की सूची में जगह बनाने वालों में तत्कालीन उप्र विधानसभा अध्यक्ष के पीआरओ (जनसंपर्क अधिकारी) और उनके भाई, एक पूर्व मंत्री के भतीजे, विधान परिषद सचिवालय प्रभारी के बेटे, विधान सभा सचिवालय प्रभारी के चार रिश्तेदार, उप लोकायुक्त के बेटे, विधायी कार्य विभाग के प्रभारी के बेटे और बेटी, दो मुख्यमंत्रियों के पूर्व ओएसडी (विशेष कार्याधिकारी) के बेटे शामिल हैं।

संपर्क करने पर उप्र विधानसभा के तत्कालीन अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने कहा कि यह मामला अदालत में लंबित है और इसलिए मेरे लिए इस पर टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। उप्र विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे से बार-बार प्रयास करने के बावजूद टिप्पणी के लिए संपर्क नहीं किया जा सका। समाजवादी पार्टी के उप्र विधान परिषद के सदस्य (एमएलसी) आशुतोष सिन्हा ने कहा कि मामला अदालत में लंबित है और यह सब जांच का विषय है, लेकिन, ऐसा लगता है कि भाजपा चुनाव के दौरान टिकट वितरण या नौकरियों के लिए उम्मीदवारों का चयन करते समय 'परिवारवाद' (वंशवाद की राजनीति) में लिप्त है। उप्र कांग्रेस के नेता अशोक सिंह ने कहा कि मामला अदालत में लंबित है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। सभी दोषियों की पहचान कर उन्हें उचित सजा मिलनी चाहिए। राष्ट्रीय किसान मंच के अध्यक्ष शेखर दीक्षित ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि केवल 20 से 25 फीसद गलत काम ही पकड़े गए हैं।

यह उम्मीदवारों, लोगों और पूरे समाज के साथ स्पष्ट धोखा है। यह निश्चित रूप से देश के लिए फायदेमंद नहीं है। उप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्षा और उप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष माता प्रसाद पांडे (सपा) ने कहा कि जब तक मैं (स्वयं) इस मुद्दे की जांच नहीं करता, तब तक मैं इस मुद्दे पर कैसे टिप्पणी कर सकता हूं।

यह एक ऐसा मामला है, जो विधानसभा और विधान परिषद से संबंधित है, जिस पर ज्यादा टिप्पणी नहीं की जा सकती। मैं पता लगाऊंगा और जो भी उचित होगा, बोलूंगा।

# आरजी कर मामले की त्वरित जांच को लेकर माकपा निकालेगी मार्च

कोलकाता, 15 नवंबर (भाषा)।

माकपा ने शुक्रवार को कहा कि वह 21 नवंबर को कोलकाता के सीजीओ काम्प्लेक्स स्थित सीबीआइ कार्यालय तक मार्च निकालेगी। इसके जरिए महिला चिकित्सक बलात्कार व हत्या मामले की जांच शीघ्र पूरी करने की मांग करेगी।यह मार्च मामले को सीबीआइ को सौंपे जाने के 100वें दिन निकाला जाएगा। मीडिया से प्रदेश माकपा सचिव मोहम्मद सलीम ने कहा कि मार्च का उद्देश्य जांच में देरी की ओर ध्यान आकर्षित करना है और पीड़िता के लिए न्याय की मांग करना है। हम त्वरित कार्रवाई की मांग को लेकर सीबीआइ कार्यालय तक विरोध मार्च निकालेंगे। महिला चिकित्सक से बलात्कार के बाद देश भर में आक्रोश फैल गया था। इसे लेकर कनिष्ठ चिकित्सकों ने लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन किया था।

# हमारी विरासत राम मंदिर तो सपा की अतीक और अंसारी : योगी

लखनऊ, 15 नवंबर (भाषा)।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) पर तंज कसते हुए कहा कि 'हमारी विरासत राम मंदिर है तो सपा की विरासत खान मुबारक, अतीक और मुख्तार है।' योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की नौ विधानसभा सीट के उपचुनाव के सिलसिले में प्रचार के दौरान अंबेडकरनगर के कटेहरी विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी धर्मराज निषाद और मिर्जापुर के मझवां विधानसभा क्षेत्र की प्रत्याशी सुचिस्मिता मौर्य के समर्थन में सभाओं को संबोधित करते हुए सपा पर तीखे तीर चलाए।

योगी ने कहा कि आज अयोध्या में दिव्य, भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान हो गए हैं जिसे देखकर हर देशवासी गौरवान्वित महसूस कर रहा है, यह हमारी विरासत है। उन्होंने एक खास समुदाय के लोगों का जिक्र करते हुए कहा कि इस विरासत का सपा के लोगों ने हमेशा अपमान किया है जबकि इनकी वास्तविक विरासत खान मुबारक, अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी हैं।

### 'श्री गुरु नानक देव ने ईश्वर की आराधना के प्रति प्रेरित किया'

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि ईश्वर की आराधना के प्रति श्री गुरु नानक देव जी ने हम सभी को लगातार प्रेरित किया, साथ ही सन्मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यही परंपरा आगे चलकर भक्ति से शक्ति के तेज पुंज के रूप में बदल गई और गुरु गोविंद सिंह महाराज के नेतृत्व में इसे नए आयाम मिले। आलमबाग एवं गुरुद्वारा पटेल नगर में श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 555वें प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।**

गुजरे दो वर्षों के भीतर हरदोई जेल में निरुद्ध गिरोहबाज खान मुबारक और बांदा जेल में बंद पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की उपचार के दौरान मौत हो गयी, जबकि पूर्व सांसद अतीक अहमद और उनके भाई पूर्व विधायक अशरफ की पुलिस अभिरक्षा में प्रयागराज में बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों से देश की सुरक्षा, गरीब कल्याण, अवसंरचना विकास और विरासत का सम्मान हो रहा है, जबकि 2014 से पहले 'इंडी' गठबंधन के लोग राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ और विरासत का अपमान करते थे।

अब प्रदेश में विकास के बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं तो विरासत का सम्मान भी हो रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि अंबेडकर नगर की धरती पर डाक्टर लोहिया का जन्म हुआ था, लेकिन समाजवादी पार्टी डा लोहिया और आचार्य नरेंद्र देव के मूल्यों और आदर्शों से भटक चुकी है।


**बंधन एक्सप्रेस और मैत्री एक्सप्रेस रद्द रहेंगी**

बांग्लादेश रेलवे से प्राप्त संदेश के अनुसार, 13129 **कोलकाता-खुलना बंधन एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 17.11.2024) और 13130 **खुलना-कोलकाता बंधन एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 17.11.2024) तथा 13107 **ढाका-कोलकाता मैत्री एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 17.11.2024) **रद्द** रहेंगी। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए गहन खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड**

(भारत सरकार का उद्यम) के शेष शेयरधारकों के ध्यानार्थ निकास प्रस्ताव,
कॉर्पोरेट पहचान संख्याः L25111UP1972GOI003599
पंजीकृत कार्यालयः 3/481, प्रथम तल, विकल्प खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, भारत - 226010,
टेलीफोन नंबरः 0522-3119593, - वेबसाइटः www.scootersindialimited.com,
ई-मेल आईडीः csscooterindia@gmail.com

यह एग्जिट ऑफर सार्वजनिक घोषणा ("एग्जिट ऑफर पीए") स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड ("कंपनी") की बीएसई लिमिटेड ("बीएसई") से स्वैच्छिक डीलिस्टिंग के संबंध में 17 अगस्त, 2024 को की गई पिछली घोषणा के क्रम में जारी की जा रही है, जिसमें शेष सार्वजनिक शेयरधारकों ("अवशिष्ट शेयरधारकों") को एग्जिट ऑफर दिए जाने की सूचना दी गई है, जो डीलिस्टिंग ऑफर के बाद इक्विटी शेयर रखना जारी रखते हैं और 20 जून, 2024 से 19 जून, 2026 तक या सेबी द्वारा अनुमत किसी भी पूर्व तिथि ("एग्जिट विंडो") तक 31.78/- रुपये प्रति इक्विटी शेयर ("एग्जिट प्राइस") के एग्जिट प्राइस पर अपने इक्विटी शेयर एक्वायरर को टेंडर करना चाहते हैं। एग्जिट लेटर ऑफ ऑफर के साथ एग्जिट एप्लीकेशन फॉर्म ("एग्जिट लेटर ऑफ ऑफर") 16.11.2024 को अवशिष्ट शेयरधारकों को भेजा जा रहा है। भुगतान मासिक आधार पर, उस प्रासंगिक कैलेंडर माह के अंत से 10 कार्य दिवसों के भीतर किया जाएगा जिसमें अधिग्रहणकर्ता से निकास आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है ("मासिक भुगतान चक्र")। कृपया कंपनी की वेबसाइट www.scootersindialimited.com, रजिस्ट्रार की वेबसाइट www.skylinerta.com और ऑफर मैनेजर की वेबसाइट www.corporateprofessionals.com से एग्जिट लेटर ऑफ ऑफर के साथ एग्जिट एप्लीकेशन फॉर्म ("एग्जिट लेटर ऑफ ऑफर") प्राप्त करें या नीचे दिए गए लिंक को स्कैन करें

(प्रस्ताव का निकास पत्र पढ़ने के लिए कृपया इस क्यूआर कोड को स्कैन करें) | (प्रस्ताव का निकास पत्र पढ़ने के लिए कृपया इस क्यूआर कोड को स्कैन करें) | (शेयर हस्तांतरण फॉर्म पढ़ने के लिए कृपया इस क्यूआर कोड को स्कैन करें)

स्थानः लखनऊ
दिनांकः 16.11.2024

अधिग्रहणकर्ता की ओर से
हस्ता/-
नवीन कौल
(अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)



**Parsvnaths**
committed to build a better world

**PARSVNATH DEVELOPERS LIMITED**
Regd. & Corporate Office: Parsvnath Tower, Near Shahdara Metro Station, Shahdara, Delhi - 110 032
CIN : L45201DL1990PLC040945; Tel. : 011-43050100, 43010500; Fax : 011-43050473
E-mail : investors@parsvnath.com; website : www.parsvnath.com

**Extract of Standalone and Consolidated Unaudited Financial Results for the Quarter and Half year ended 30 September, 2024**

(₹ in Lakhs)

| S. No. | Particulars | Standalone Quarter ended 30.09.2024 Unaudited | Standalone Quarter ended 30.09.2023 Unaudited | Standalone Half year ended 30.09.2024 Unaudited | Standalone Year ended 31.03.2024 Audited | Consolidated Quarter ended 30.09.2024 Unaudited | Consolidated Quarter ended 30.09.2023 Unaudited | Consolidated Half year ended 30.09.2024 Unaudited | Consolidated Year ended 31.03.2024 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations | 1,806.29 | 6,913.70 | 5,517.61 | 31,889.24 | 4,837.00 | 11,767.07 | 13,849.04 | 49,372.18 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items) | (5,541.38) | (905.21) | (9,839.36) | (20,936.97) | (12,804.52) | (7,520.29) | (22,721.32) | (56,857.47) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | (5,541.38) | (905.21) | (9,839.36) | (34,469.25) | (12,804.52) | (7,486.91) | (22,721.32) | (50,731.02) |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | (5,541.38) | (905.21) | (9,839.36) | (42,241.07) | (12,803.02) | (7,485.41) | (22,896.04) | (59,413.87) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)] | (5,539.24) | (888.60) | (9,832.55) | (42,264.28) | (12,800.88) | (7,468.80) | (22,889.23) | (59,438.56) |
| 6 | Equity Share Capital | 21,759.06 | 21,759.06 | 21,759.06 | 21,759.06 | 21,759.06 | 21,759.06 | 21,759.06 | 21,759.06 |
| 7 | Reserves (excluding revaluation reserve) as shown in the audited balance sheet of the previous year) | - | - | - | (6,888.21) | - | - | (2,14,200.18) | (1,91,389.79) |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 5/- each) for continuing and discontinued operations | | | | | | | | |
| | - Basic (in Rupees) | (1.27) | (0.21) | (2.26) | (9.71) | (2.94) | (1.71) | (5.26) | (13.63) |
| | - Diluted (in Rupees) | (1.27) | (0.21) | (2.26) | (9.71) | (2.94) | (1.71) | (5.26) | (13.63) |

**Notes :-**

1. The above financial results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 14 November, 2024. The Statutory Auditors have also carried out a Limited Review of the unaudited results for the quarter and half year ended 30 September, 2024.
2. The above is an extract of the detailed format of the standalone and consolidated Financial Results for the quarter and half year ended 30 September, 2024, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the standalone and consolidated Financial Results for the quarter and half year ended 30 September, 2024 are available on the Stock Exchange websites **(www.nseindia.com and www.bseindia.com)** and Company's website **(www.parsvnath.com).**
3. The Company has incurred cash losses during the current and previous periods/year. Due to recession in the past in the real estate sector owing to slowdown in demand, the company faced lack of adequate sources of finance to fund execution and completion of its ongoing projects resulting in delayed realisation from its customers. The company is facing tight liquidity situation as a result of which there have been delays/defaults in payment to lenders, statutory liabilities, salaries to employees and other dues. However, considering substantial improvement in real estate sector recently, the Management is of the opinion that all such issues will be resolved in due course by required finance through alternate sources, including sale of non-core assets.
4. Figures for the previous quarter / period have been regrouped, wherever necessary, for the purpose of comparison.

For and on behalf of the Board
Sd/-
Pradeep Kumar Jain
Chairman
DIN : 00333486

Place : Delhi
Date : 14 November, 2024



**फॉर्म-जी**
**अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**
**अंकित मेटल एंड पावर लिमिटेड**
धातु और इस्पात उद्योग में संचालित
(दिवाला और शोधन अक्षमता (कॉरपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए के उप-विनियम(1) के अधीन)

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पैन/सीआईएन/एलएलपी संख्या के साथ कॉर्पोरेट देनदार का नाम | अंकित मेटल एंड पावर लिमिटेड<br>पैन- AAECA5230B<br>सी आई एन - L27101WB2002PLC094979 |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | 35, चितरंजन एवेन्यू, कोलकाता, पश्चिम बंगाल 700012 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | https://www.ankitmetal.com/ |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अचल संपत्तियों का बहुमत स्थित है | 35, साल्टोरा बांकुरा रोड, जोरेहिरा छतना, बांकुरा, पश्चिम बंगाल, 722137 |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता | उत्पाद – स्थापित क्षमता<br>स्पंज आयरन – 2,10,000 (MT)<br>एमएस बिलेट – 1,81,542 (MT)<br>पैलेट – 6,00,000 (MT)<br>टीएमटी बार/एमएस राउंड – 1,00,000 (MT)<br>वायर रॉड – 1,80,000 (MT)<br>पिग आयरन – 12,500 (MT)<br>कैप्टिव पावर प्लांट – 20 MW - WHRB (अपशिष्ट ऊष्मा पुनर्प्राप्ति आधारित); 25.5 MW - AFBC (वायुमंडलीय द्रवीकृत बिस्तर दहन) |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 22-23 के लिए परिचालन से राजस्व 853.99 करोड़ रुपये था, और वित्त वर्ष 23-24 की तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों के अनुसार, 31 दिसंबर 2023 को समाप्त 9 महीनों के लिए परिचालन से राजस्व 555.68 करोड़ रुपये था। कॉर्पोरेट देनदार के वित्तीय परिणाम वेबसाइट https://www.ankitmetal.com/ पर उपलब्ध हैं। |
| 7. | कर्मचारियों/वर्कमैन की संख्या | प्लांट दिसंबर 2023 तक कार्य में था और कॉर्पोरेट देनदार के तत्कालीन प्रबंधन द्वारा प्रदान की गई दिसंबर 2023 की वेतन शीट के अनुसार कर्मचारियों & कामगारों की कुल संख्या 1,016 थी |
| 8. | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरणों (अनुसूचियों के साथ), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की बाद की घटनाओं हेतु प्रासंगिक तिथियां सहित अधिक विवरण यहां उपलब्ध हैः- | वित्तीय विवरण के लिए https://www.ankitmetal.com/investors.html पर इन्वेस्टर्स कॉर्नर टैब देखें। https://www.ankitmetal.com/ पर CIRP tab देखें या प्रासंगिक तिथियों और विस्तृत अभिरुचि अभिव्यक्ति के लिए IP.ankitmetal@gmail.com पर ईमेल भेजें। |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां यूआरएल पर उपलब्ध है: | https://www.ankitmetal.com/ पर CIRP टैब के अंतर्गत उपलब्ध रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) प्रक्रिया दस्तावेज देखें या IP.ankitmetal@gmail.com पर ईमेल भेजें |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 02.12.2024 |
| 11. | संभावित संकल्प आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 04.12.2024 |
| 12. | अनंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 09.12.2024 |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तारीख | 11.12.2024 |
| 14. | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तारीख | 11.12.2024 |
| 15. | समाधान योजना प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 10.01.2025 |
| 16. | रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए ईमेल आईडी प्रक्रिया | IP.ankitmetal@gmail.com |

नोटः ऊपर निर्दिष्ट समयसीमा को ऋणदाताओं की समिति द्वारा अपने पूर्ण विवेक से संशोधित किया जा सकता है, जो दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 के तहत निर्धारित समग्र समयसीमा के अधीन है।

संजीव कुमार जालान
समाधान पेशेवर
अंकित मेटल एंड पावर लिमिटेड के सीआईआरपी के मामले में
एएफए सं. AA1/13053/02/300625/106922 (30.06.2025 तक वैधता)
आईबीबीआई पंजीकरण सं. IBBI/IPA-001/IP-P-01901/2020-2021/13053
पत्राचार ईमेल पताः ip.ankitmetal@gmail.com;sanjeevjalan@bdo.in
IBBI पंजीकृत ईमेलः sanjeev_jalan@yahoo.com
IBBI पंजीकृत पताः रहेजा सॉलिटेयर, विंग बी 1401, वीर सावरकर मार्ग, कामत होटल के पास, मुंबई सिटी, महाराष्ट्र, 400104.
दिवालियापन पेशेवर इकाईः बीडीओ रीस्ट्रक्चरिंग एडवाइजरी एलएलपी, लेवल 9, रूबी, नॉर्थवेस्ट विंग, सेनापति बापट रोड, दादर (पश्चिम), मुंबई 400028, भारत

दिनांक 16.11.2024
स्थानः कोलकाता



**हावड़ा मंडल के तहत ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

हावड़ा स्टेशन क्षेत्र में चाँदमारी रोड ओवरब्रिज (आरओबी) के मुख्य स्पैन गर्डर को आरंभ करने के लिए, **दिनांक 19.11.2024 (मंगलवार) से 24.12.2024 (मंगलवार) तक ट्रैफिक और पावर ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। इसके फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा: ● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त और संक्षिप्त यात्रा शुरू (दिनांक 19.11.2024 से 24.12.2024 तक): 37212** डाउन बैण्डेल - हावड़ा लोकल हावड़ा के बदले बाली में (03.45 बजे) संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **37211 अप** हावड़ा - बैण्डेल लोकल हावड़ा के बदले बाली से (05.02 बजे) संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। ● **मेल/एक्सप्रेस का नियंत्रण (दिनांक 19.11.2024 से 24.12.2024 तक): (1)** 13030 मोकामा-हावड़ा एक्सप्रेस को मार्ग में **1 घंटा 15 मिनट** के लिए नियंत्रित किया जाएगा। **(2)** 03004 आजिमगंज-हावड़ा पैसेंजर स्पेशल (अनारक्षित) को मार्ग में 35 **मिनट** के लिए नियंत्रित किया जाएगा। **विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेनें और कोई भी नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, को मार्ग में सुविधानुसार नियंत्रित/मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**STANDARD SURFACTANTS LIMITED**
Registered Office: 8/15, Arya Nagar, Kanpur-208002 (India) Tel: 0512-2531762
E-mail: headoffice@standardsurfactants.com, Website: www.standardsurfactants.com Corporate Identity Number: L24243UP1989PLC010950

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND SIX MONTHS ENDED ON 30TH SEPTEMBER 2024**

(Rs. in Lacs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter Ended 30.09.2024 (Unaudited) | Quarter Ended 30.06.2024 (Unaudited) | Quarter Ended 30.09.2023 (Unaudited) | 6 Months Ended 30.09.2024 (Unaudited) | 6 Months Ended 30.09.2023 (Unaudited) | Year Ended 31.03.2024 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income from operations (net) | 4,579.50 | 3,606.65 | 3,176.79 | 8186.15 | 6,138.50 | 13,136.05 |
| 2. | Net profit / (loss) for the period before tax and exceptional items | (27.79) | 32.27 | 42.03 | 4.48 | 85.77 | 185.20 |
| 3. | Net profit / (loss) for the period before tax and after exceptional items | (27.79) | 32.27 | 42.03 | 4.48 | 85.77 | 185.20 |
| 4. | Net profit / (loss) for the period after tax | (26.18) | 31.85 | 28.63 | 5.67 | 73.32 | 148.09 |
| 5. | Total comprehensive income for the period | (26.18) | 31.85 | 28.63 | 5.67 | 73.32 | 148.24 |
| 6. | Paid-up equity share capital | - | - | - | - | - | 822.66 |
| 7. | Other Equity | - | - | - | - | - | 1954.78 |
| 8. | Earnings Per Equity Share (EPS) (Face Value Per Share Rs.10/-each) | | | | | | |
| | a) Basic (Rs. Per share) | (0.38) | 0.39 | 0.34 | 0.01 | 0.88 | 1.80 |
| | b) Diluted (Rs. Per share) | (0.38) | 0.39 | 0.34 | 0.01 | 0.88 | 1.80 |

**Notes:** 1. These results have been prepared in accordance with the Indian Accounting Standard (referred to as "Ind AS") 34 Interim Financial Reporting prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with Companies (Indian Accounting Standards) Rules as amended from time to time. **2.** The above standalone financial results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in their respective meetings held on November 14, 2024. The statutory auditors have carried out an review of these financial results. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the standalone quarterly financial results are available on stock exchange websites and on Company's website. **3.** Figures for the previous corresponding periods have been regrouped, wherever considered necessary.

For and on behalf of the Board
Sd/-
Pawan Kumar Garg
Chairman & Managing Director
DIN-00250836

Place: Kanpur
Date: 14.11.2024